**राजस्थान सरकार**
**स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान**

क्रमांक : PSKS / अभियान–21 / डीएलबी / 2021 / 3049-3265    दिनांकः– 31/03/2022

समस्त आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम / परिषद / पालिकाये,
राजस्थान।

विषयः– प्रशासन शहरों के संग अभियान–21 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों को दर्ज किये जाने बाबत।

संदर्भः– माननीय सलाहकार नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर द्वारा बैठक दिनांक 23.03.2022 में दिये गये निर्देश के क्रम में।

................

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय सलाहकार नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर की अध्यक्षता में दिनांक 23.03.2022 को प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रेक्षक उदयपुर संभाग द्वारा अवगत कराया गया कि नगरीय निकायों द्वारा शहरी आम जन से प्राप्त आवेदन पत्रों का पंजीकरण / दर्ज नही किये जा रहे है, जिससे प्राप्त आवेदनों एवं निष्पादित आवेदन पत्रों का सही प्रकार से आकलन नही हो पा रहा है।

अतः बैठक के दौरान माननीय सलाहकार महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि राज्य के समस्त नगरीय निकायों में प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021 के दौरान निकाय में प्राप्त होने वाले सभी प्रकार के आवेदन पत्रों को निम्नांकित प्रारूप में पंजिका तैयार की जाकर दर्ज किया जावेः–

| क्रमांक | दिनांक | आवेदनकर्ता का नाम व पता | आवेदन का विवरण | वार्ड नं. | मोबाईल नं. | आवेदन की जारी रसीद क्रमांक | आवेदन पर की गई कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

उक्त निर्देशों की पालना नही किये जाने पर इसे राज्यादेश की अवहेलना मानते हुए तद्नुसार कार्यवाही की जावेगी।

(हृदेश कुमार शर्मा)
**निदेशक एवं संयुक्त सचिव**

क्रमांक : PSKS / अभियान–21 / डीएलबी / 2021/3266-3310    दिनांक :– 31/03/2022
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, सलाहकार महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
4. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
5. समस्त उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग राजस्थान।
6. संयुक्त निदेशक, आई.टी. अनुभाग निदेशालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. सुरक्षित पत्रावली।

(अनिल कौशिक)
**सलाहकार एवं समन्वयक**

D/PSKS2021/letter